हरिभूमि

# धमतरी भूमि

रायपुर, सोमवार 14 अप्रैल 2025

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड


तापमान

अधिकतम 40 डिग्री
न्यूनतम 25 डिग्री


13 मैकेनिकल फैब्रिकेशन में निरक्षर युवा ने बनाई अपनी...





14 हरी सब्जियों का रकबा और उत्पादन बढ़ने से बाजारों में...




## खबर संक्षेप

### बंगाली नववर्ष पर कार्यक्रम कल

**धमतरी।** बंगाली समाज का शुभ नववर्ष मंगलवार 15 अप्रैल को मनाया जाएगा। समाज के अध्यक्ष मृत्युंजय कर ने बताया कि इस वर्ष भी मंगलवार को शाम 7 बजे से तहसील आफिस के पास स्थित कर्मचारी भवन हाल में समाजजनों द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं, जिसमें छोटे बच्चे, युवा, महिलाएं, बुजुर्ग सभी हिस्सा लेंगे। कार्यक्रम में नृत्य, संगीत, एकल नृत्य, एकल नाटिका, सामूहिक नृत्य, नाटिका, भाषण,कविता, गाना, फैंसी ड्रेस आदि होंगे।

### महापौर का अभिनंदन समारोह आज

**धमतरी।** जिला हिन्दी साहित्य समिति द्वारा नवनिर्वाचित महापौर जगदीश रामू रोहरा के अभिनंदन में सम्मान समारोह का आयोजन 14 अप्रैल को दोपहर 3 बजे साहित्य भवन म्युनिस्पिल स्कूल के पीछे धमतरी में किया गया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमती कौशिल्या देवांगन सभापति नगर पालिक निगम करेंगी। विशिष्ट अतिथि योगेश लाल पार्षद रिसाईपारा पश्चिम, श्रीमती पूर्णिमा गजानंद रजक, पार्षद नयापारा वार्ड, सुरजीत नवदीप सुप्रसिद्ध हास्य व्यंग्य कवि एवं संरक्षक धमतरी जिला हिन्दी साहित्य समिति होंगे। जिले के सभी साहित्यकारों से उपस्थिति की अपील सचिव डॉ. भूपेन्द्र सोनी ने की है।

### दिव्यांगों की ऋण प्रक्रिया को सरलीकरण करने की मांग

**धमतरी।** छग दिव्यांग अधिकारी कर्मचारी कल्याण संघ के पदाधिकारियों ने शासन से मांग किया है कि बेरोजगार दिवयांगजनों को समाज कल्याण विभाग दवारा विभिन्न प्रकार के रोजगार उपलब्ध करवाने पचास हजार रु से पांच लाख रु तक ऋण दिया जाता है जिससे दिवयांग जन सिलाई मशीन, किराना दुकान, कपड़ा दुकान, साइकिल स्टोर्स खोलकर धंधा करना चाहते है। परंतु ऋण प्रक्रिया में जटिलता होने से शासकीय सेवक को ही गारेंटर होना व्यवहारिक नही लग रहा है जिससे दिवयांगजनो में बेरोजगारी दिनोदिन बढ़ती जा रही है। घनशयाम सिंह साहू, किशोर नवरंग,बलीराम, मंत्री गाडगे, शंकर साहू, चमेली नेताम चित्रकांत सोनकर और यूसूफ खान ने ऋण प्रक्रिया को सरलीकरण करने की मांग की है।

### मारपीट करने वाले आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार





- दोनों आरोपियों पर रूद्री थाने में धारा 109 (1), 3 (5) के तहत मामला दर्ज

**धमतरी।** प्रार्थी गुलशन कुमार साहू पिता सुनील कुमार साहू उम्र 25 वर्ष साकिन बोरिदखुर्द द्वारा दिनांक 28.03.25 को थाना रुद्री में लिखित रिपोर्ट दर्ज कराया है कि दिनांक 26.03.25 के लगभग रात्रि 12:00 बजे ग्राम बोरिदखुर्द के साहू पारा सुनील किराना स्टोर के सामने कुछ लोगों के द्वारा जान से मारने की नीयत से मारपीट किया गया। जिससे प्रार्थी के भाई मितेश कुमार साहू को गंभीर चोट पहुंचाया है। प्रार्थी के रिपोर्ट पर धारा 109 (1).3 (5) बीएनएस. का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया। थाना रूद्री द्वारा आरोपीगण गोपेश दास मानिकपुरी उम्र 26 वर्ष एवं प्रदीप कुमार सिन्हा उम्र 29 वर्ष साकिन बोरिदखुर्द को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

लगातार विरोध के बाद भी शराब दुकानों को हटाने की प्लानिंग नहीं

# अंगद के पांव की तरह जम गई शराब दुकानें

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शहर की शराब दुकानों को लेकर लोगों का आक्रोश बढ़ता जा रहा है, लेकिन अब तक एक भी शराब दुकान को हटाने के लिए आबकारी विभाग ने प्लानिंग नहीं की है। यही नहीं कई शराब दुकानों को हटाने के लिए वार्ड वासियों ने आवेदन भी दिया था। विभाग के पास तो इसकी सूची तक नहीं है।

जिले में देशी विदेशी कुल मिलाकर 28 शराब दुकान हैं। इनमें से कई शराब दुकानों को हटाने के लिए वार्डवासियों ने प्रदर्शन किया है। पिछले दो तीन साल से लगातार वार्डवासी आवाज उठा रहे हैं। हर साल उन्हें आश्वासन देकर टाल दिया जाता है। इस साल भी कुछ ऐसी ही स्थिति है। सोरिद, दानीटोला, औद्योगिक वार्ड सहित कई स्थानों पर स्थित शराब दुकानों को हटाने के लिए वार्डवासियों ने आवेदन दिया था लेकिन आबकारी विभाग ने ऐसी स्थानों की कोई सूची नहीं हैं। जहां के लोग शराब दुकान को हटाने की मांग कर रहे हैं, उधर शराब दुकान नहीं हटने से परेशान वार्डवासी आंदोलन करने के मूड में हैं। जानकारी के अनुसार विभाग ने सिर्फ दो दुकानों को दूसरी जगह पर शिफ्ट करने का प्रस्ताव बनाया है, लेकिन इन दुकानों को दूसरी जगह शिफ्ट करने के लिए भी भवन आदि नहीं मिल रहे हैं। ऐसे में जिले की एक भी शराब दुकान को हटाया नहीं जा सका है।



### सरकार की शराब नीति का विरोध


आबकारी विभाग नई शराब दुकान खोलने के लिए ग्राम पंचायतों से प्रस्ताव मंगा रहा है। एक ग्राम पंचायत से शराब दुकान खोलने का प्रस्ताव भी आया था, लेकिन ग्रामीणों के विरोध के बाद शराब दुकान खोलने का प्रस्ताव खारिज कर दिया गया। सोरिद के वार्डवासी रमेश सिन्हा, विवेक साहू का कहना है कि जब विभाग शराब दुकान खोलने के लिए प्रस्ताव मंगा रही है, तो जहां पर शराब दुकान का विरोध हो रहा है, वहां पर की शराब दुकान को हटाने या बंद करने पर भी गंभीरता से ध्यान देना चाहिए। सिर्फ शराब दुकान खोलने पर ध्यान देना गलत है। लोगों की समस्याओं पर भी गंभीरता से विचार करना चाहिए।

### दानीटोला वार्ड से उठी आवाज

दानीटोला स्थित देशी-विदेशी शराब दुकान से पूरे वार्ड का माहौल खराब हो गया है। दिसंबर माह में जनदर्शन में इसकी शिकायत करते हुए वार्डवासियों ने बताया कि छोटे छोटे बच्चे भी नशे की गिरफ्त में आ रहे हैं। नवरात्रि और दीपावली में ऐसे बच्चों को नशा मुक्ति केंद्र भेजा गया। माहौल इतना बिगड़ने के बाद भी इस शराब दुकान को बंद नहीं किया गया। नजदीक में ही दुकान होने के कारण शराब बच्चों की पहुंच में है, जिसके चलते वे नशे की चपेट में आ रहे हैं। जहां पर शराब दुकान संचालित है, वहीं पर तालाब परिसर में हनुमान मंदिर, दुर्गा मंदिर आदि हैं, जहां वार्ड की महिलाएं पूजा करने जाती हैं। शराब दुकान के पास असामाजिक लोगों का जमावाड़ा रहता है। हमेशा गाली गलौच होता रहता है, जिससे महिलाओं को शर्मिंदगी उठानी पड़ती है। वार्डवासी संतराम ध्रुव, राजेंद्र नाग, मतेश्वर साहू, जनार्दन साहू ने बताया कि यदि शराब दुकान बंद नहीं होता है तो वे आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। सोरिद और बस स्टैंड के पीछे शराब दुकान को हटाने के लिए वार्डवासी लामबद्ध हो रहे हैं।

# पश्चिमी विक्षोभ ने किया मौसम खराब

- तेज हवाओं के साथ गरजेगा बादल, होगी हल्की बारिश
- पारा 41 डिग्री से 37 पर आया



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

अंचल का मौसम खराब है। रविवार को तेज हवाओं के साथ जिले के एक दो स्थानों में बूंदाबांदी हुई। यहां का पारा 4 डिग्री लुढ़ककर 37 डिग्री पर आ गया है। आगामी दो दिनों में तापमान 2 डिग्री और गिरेगा। सोमवार से बादल गरजने की गतिविधि बढ़ेगी। तेज हवाओं के साथ हल्की बारिश के आसार बने हुए हैं।

रविवार को आसमान पर दिनभर बादल छाया रहा। गर्मी का पारा गिरने से लोगों ने राहत महसूस की। तापमान 41 डिग्री सेल्सियस से 37 डिग्री सेल्सियस पर आ गया है। मौसम विज्ञान केंद्र रायपुर से प्राप्त जानकारी के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ मध्य से उपरी क्षोभमंडल स्तर पर एक द्रोणिका के रूप में है। जिसकी धुरी समुद्रतल से 5.8 किमी उपर है। दक्षिणी-पूर्व मध्यप्रदेश के ऊपर समुद्रतल से 0.9 किमी उपर ऊपरी हवा का चक्रवाती परिसंचरण बना हुआ है। एक अन्य द्रोणिका दक्षिण-पूर्व मध्यप्रदेश और इसके आसपास के क्षेत्र के उपर चक्रवाती परिसंचरण से विदर्भ होते हुए तेलंगाना के मध्य भागों तक समुद्रतल से 0.9 किमी की ऊंचाई पर है। इसके प्रभाव से सोमवार को प्रदेश के एक दो स्थानों पर मेघ गर्जन एवं तेज हवाओं के साथ हल्की वर्षा होने की संभावना है। बुधवार के बाद अधिकतम तापमान में 2 से 3 डिग्री की वृद्धि होने के आसार है।

# चना बेचने के लिए किसानों को मिला पर्याप्त समय



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

किसानों को चना बेचने के लिए शासन द्वारा पर्याप्त समय दिया जा रहा है। 1 मार्च से खरीदी शुरू है, जो 31 मई तक चलेगी। पूरे तीन माह किसानों को समय दिया जा रहा है। उधर किसान समर्थन मूल्य के साथ व्यापारियों को भी चना बेच रहे हैं।

जिले में समर्थन मूल्य में चना खरीदी जोरों पर हैं। एक के बाद एक सभी 8 केंद्रों में खरीदी शुरू हो चुकी है। अंत में नगरी के प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति में खरीदी शुरू की गई हैं। नगरी में कुल 177 किसानों ने पंजीयन कराया हैं। अब तक इसमें से 22 किसानों ने 104 क्विंटल चना बेचा है। सबसे ज्यादा चना खरीदी धमतरी विकासखंड में हुई हैं। जहां के तीन खरीदी केंद्र तरसीवां, लोहरसी और छाती में 4727 किसानों ने पंजीयन कराया है। अब तक यहां पर 1123 किसान 10762 क्विंटल चना बेच चुके हैं। कुरूद के तीन खरीदी केंद्र कातलबोड, रामपुर और कुरूद में 5519 किसानों ने पंजीयन कराया है। अब तक यहां पर 590 किसानों ने 5371 क्विंटल चना बेचा है। मगरलोड खरीदी केंद्र 354 किसानों ने पंजीयन कराया है। इसमें से 25 किसानों ने 132 क्विंटल चना बेचा है।

# मध्य रात्रि तक निकलती रही हनुमान की शोभायात्रा









- वार्डों से निकलकर दर्जन भर शोभा यात्रा मुख्य मार्गों में आए
- घड़ी चौक से रामबाग तक 5 घंटे मार्ग में चहल पहल बनी रही
- 5-5 फीट तक हनुमान की प्रतिमा रथ में सवार थे

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

हनुमान जयंती के अवसर पर शनिवार को शहर का माहौल पूरी तरह धार्मिकमय बना रहा। मंदिरों में भक्तगण दिनभर पूजा, पाठ, आरती, जप, तप, यज्ञ, हवन करते रहे। दिन में भंडारे का आयोजन किया गया जो देर शाम तक चलता रहा। इसके बाद भी श्रद्धालुओं का उत्साह कम नहीं हुआ। शहर के दर्जन भर वार्डों से हनुमान जी की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में 5 फीट तक आदमकद हनुमान जी की प्रतिमा विराजित था। वाहन को रथ का आकार देकर रंग-बिरंगी लाइटे व फूलों से सजाया गया था। शोभायात्रा में सैकड़ों भक्तों के हुजूम के साथ धुमाल, डीजे, बैंड बाजा, देशी बाजा में भक्ति धुन बज रहे थे। शाम 7 बजे से शोभायात्रा निकलना प्रारंभ हुआ जो रात्रि 12 बजे तक चलता रहा। जिला एवं पुलिस प्रशासन के निर्देशानुसार सभी समितियों की शोभायात्रा में रात 12 बजे के बाद विराम लगा दिया। शोभायात्रा में भक्त थिरकते रहे, आतिशबाजी का दौर चलता रहा।

गोकुलपुर नयापारा के कृदत्त कालोनी से महाकाल परिवार ने इस साल सबसे अलग शोभायात्रा निकाली, 60 फीट लंबी ट्रेलर में डीजे और लाईट लगाया गया था। वहीं आगे धुमाल और पीछे अन्य ट्रेक्टर ट्राली पर 5 फीट का हनुमान की प्रतिमा स्थापित की थी जिसे आकर्षक ढंग से सजाया गया था। महाकाल समिति परिवार के भास्कर तिवरकर, दिनकर तिवरकर, जय श्रीवास्तव, योगेश मत्स्यपाल, फागेश्वर मरकाम आदि ने बताया कि उनके समिति द्वारा इस वर्ष अनूठा और आकर्षक शोभायात्रा निकाली गई थी, जिसे भक्तों ने काफी मनमोहक बताया। शोभायात्रा का रूट चूंकि घड़ी चौक से सदर बाजार होते हुए बिलाईमाता मंदिर तक था। मार्ग संकरा होने के कारण ट्रेफिक का हवाला देकर जिला एवं पुलिस प्रशासन ने घड़ी चौक से अंदर घुसने मना कर दिया और कहा कि वे शोभायात्रा सिहावा चौक से घड़ी चौक, रत्नाबांधा चौक, अंबेडकर चौक, गोकुलपुर लक्ष्मी निवास चौक तक निकाल सकते हैं। प्रशासन की बात पर सहमत होकर समिति ने इसी रूट से शोभायात्रा निकाली। प्रशासन ने तर्क देते हुए कहा कि 60 फीट का ट्रेलर चूंकि काफी लंबा होता है इसलिए सदर बाजार में कार्नरों के पास फंस सकती है। छोटे वाहन होते तो परमिशन मिल जाता, वाहन बड़ा था इसलिए रूट चेंज कर दिया। उन्होंने बताया कि बाजे गाजे और धुमाल पार्टी के साथ इसी रूट पर शोभायात्रा निकली जो प्रारंभ स्थल कृदत्त कालोनी में संपन्न हुई। इसी तरह से बनियापारा वार्ड, आमातालाब इंडोर स्टेडियम पोस्ट आफिस वार्ड, साल्हेवारपारा, बांसपारा, विश्व हिन्दू परिवार व अन्य स्थानों से दर्जन भर शोभायात्रा क्रमशः सदर बाजार से निकली।

बनियापारा वार्ड के जय बजरंग अखाड़ा समिति के भुवा उस्ताद, राजेश फूटान, मोंटू, सोहन धीवर, मोतीलाल धीवर सहित दीपक फूटान, भावेश गंगवानी, रंधावा धीवर, जुलू नाग, विनय धीवर, एकलव्य फूटान, अज्जू धीवर आदि ने बताया कि उनके समिति ने हर साल की तरह इस वर्ष भी हनुमान जी की भव्य शोभायात्रा शहर में निकाली है। हनुमान जयंती पर शनिवार को अखाड़ा परिसर में हनुमान जी का पूजा अर्चना, हवन, महाआरती, प्रसादी और भंडारा का आयोजन किया गया। शाम को मठमंदिर चौक से बिलाईमाता तक भव्य शोभायात्रा निकाली गई। वाहन को रथ का आकार देकर पांच फीट ऊंची हनुमान जी की प्रतिमा स्थापित किए थे। मध्य रात्रि के पहले शोभायात्रा समाप्त हो गई।

# छुट्टी में भी नहीं रूका काम, वॉटर सेक्शन में हुआ मोटर पंप का मेंटेनेंस

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



नगर निगम जल विभाग द्वारा फिल्टर प्लांट के क्लियर वॉटर सेक्शन में मोटर पंप का मेंटेनेंस कार्य सफलतापूर्वक पूरा किया गया। इस कार्य में विभाग के कर्मचारियों ने अपनी निष्ठा और समर्पण का परिचय देते हुए छुट्टी के दिनों में भी बिना किसी झिझक के हिस्सा लिया। मेंटेनेंस कार्य के दौरान जल विभाग के सभापति अखिलेश सोनकर स्वयं मौके पर उपस्थित रहे और कर्मचारियों का मनोबल बढ़ाया। उन्होंने कर्मचारियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि छुट्टी के दिनों में भी जिस तरह से टीम ने काम किया है, वह काबिले तारीफ है। यह दिखाता है कि जब बात शहर की सेवा की होती है, तो कर्मचारी हर परिस्थिति में खरे उतरते हैं। इस विषय पर महापौर रामू रोहरा ने भी इस कार्य की सराहना करते हुए कहा, शहरवासियों को सुचारू जल आपूर्ति देना हमारी प्राथमिकता है। नगर निगम द्वारा नागरिकों से अपील की गई है कि वे आवश्यकता अनुसार जल का उपयोग करें और अनावश्यक पानी की बर्बादी से बचें।

2031 के मास्टर प्लान में 17 नये रास्ते बनेंगे, 24 रास्तों का होगा चौड़ीकरण

# शहर से निवेश क्षेत्र तक बिछेगा सड़कों का जाल

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



शहर के निवेश क्षेत्र में सड़क सबसे अधिक महत्व रखता है। सन 2031 के मास्टर प्लान में कुछ प्रमुख मार्ग चिन्हांकित किए गए हैं जिसे या तो चौड़ा किया जाएगा या पूरी तरह से नया बनाया जाएगा। स्थानीय मार्ग वर्तमान में 3 मीटर से 18 मीटर चौड़ा है। इन मार्गों का चौड़ीकरण छग भूमि विकास निगम 1984 अंतर्गत होगा।

विकास योजना 2031 के अनुसार धमतरी निवेश क्षेत्र के प्रमुख मार्गों को तीन भागों में बांटा गया है। क्षेत्रीय मार्ग, बाईपास तथा मुख्य मार्ग । प्रस्तावित भूमि आयोग 2031 में इन तीन मार्गों के अंतर्गत 40 से अधिक मार्गों का प्रस्ताव किया गया है जिसमें ग्राम संबलपुर निवेश क्षेत्र की पूर्वोत्तर सीमा से प्रारंभ होकर एमआर क्र. 8, 9 को स्पर्श करते हुए ग्राम तेलीनसत्ती में बाईपास एवं आरआर क्र. 1/अ के संगत स्थल तक, ग्राम श्यामतराई में बाईपास एवं क्र.1/अ के संगम स्थल से निवेश क्षेत्र की सीमा पारकर जगदलपुर को जाने वाले मार्ग का 60 मीटर चौड़ीकरण का प्रस्ताव है। ग्राम तेलीनसत्ती से बाईपास 1/अ के संगम स्थल से प्रारंभ होकर ग्राम सेहराडबरी होते हुए ग्राम अर्जुनी एमआर क्र. 1, 5 को स्पर्श कर बठेना, हटकेशर, सोरिद होते हुए ग्राम श्यामतरई में एमआर क्रं 2, 3 को स्पर्श करते हुए बाईपास एवं आरआर क्र. 1 संगम स्स्थल तक 30 मीटर चौड़ीकरण का प्रस्ताव किया गया है। ग्राम कोलियारी से क्र. 16 को स्पर्श कर महानदी और निवेश सीमा पार कर नगरी सिहावा तक जाने वाले मार्ग का 30 से 45 मीटर तक चौड़ीकरण का प्रस्ताव है। ग्राम तेलीनत्ती से अर्जुनी, खपरी, मुजगहन होते हुए रत्नाबांधा, सोरिद, श्यामतराई तक 30 मीटर चौड़ीकरण का प्रस्ताव है।

### नवीन कार्य का प्रस्ताव

कोलियारी से कानीडबरी, शंकरदाह, सेहराडबरी होते हुए अर्जुनी तक 30 मीटर चौड़ा नवीन मार्ग का प्रस्ताव दिया गया है। श्यामतराई से सोरिद, रत्नाबांधा होते हुए धमतरी 45 मीटर का रास्ता, मुजगहन बाईपास से हटकेशर होते हुए अर्जुनी तक 30 मीटर चौड़ा, शंकरदाह से सेहराडबरी होते हुए संबलपुर 24 मीटर चौड़ा, देमार से उसलापुर होते हुए संबलपुर नवीन मार्ग एवं चौड़ीकरण 30 मीटर चौड़ा, रूद्री से धमतरी होते हुए करेठा तक 24 मीटर चौड़ा, निगम क्षेत्र से हटकेशर होते हुए बाईपास तक नवीन मार्ग का प्रस्ताव किया गया है।

# अंबेडकर जयंती पर दूसरे दिन हुए विविध आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की 134वीं जयंती के अवसर पर आयोजित तीन दिवसीय कार्यक्रमों की श्रृंखला के अंतर्गत, दूसरे दिन का आयोजन अत्यंत ही उत्साह और गरिमा के साथ सम्पन्न हुआ।

इस विशेष अवसर पर भारतीय बौद्ध जिला धमतरी की महिला टीम द्वारा रंगोली, ड्रॉइंग, मेंहदी, कविता, निबंध एवं कलश दौड़ प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में बच्चों, युवाओं और महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी रचनात्मकता तथा कला प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम में कविता प्रतियोगिता में प्रथम स्थानः अयांश कुटारे, द्वितीय स्थानः अयांश शेंडे, ड्रॉइंग प्रतियोगिता 1 से 5 वर्ष आयु वर्गः प्रथमः अयांश कुटारे, द्वितीयः दिव्यांशी रामटेके, 6 से 10 वर्ष आयु वर्गः प्रथमः लिहांत साहू, द्वितीयः शिवा उइके, 11 से 18 वर्ष आयु वर्गः उत्कर्ष बंसोड़, शिवम उइके, निबंध प्रतियोगिताः प्रथमः हिमांक लोन्हारे, द्वितीयः तक्षिला गजभिये, कलश दौड़ प्रतियोगिताः प्रथमः गीतांजली मेश्राम, द्वितीयः खजिता गजभिये रहे। अन्य उल्लेखनीय प्रतिभागीः श्रीमती वीणा गजभिये, सरोज नागदेवे, रंगोली प्रतियोगिताः अयांश कुटारे, आरोही शेंडे, निहारिका खापर्डे, प्रियंका मेश्राम, आरती बौद्ध, मेंहदी प्रतियोगिता, त्रिशु मेश्राम, मीनल रामटेके, श्रीमती प्रियंका मेश्राम, श्रीमती नम्रता कुटारे रहे। इन प्रतियोगिताओं ने न केवल प्रतिभागियों को अपनी कला दिखाने का अवसर दिया, बल्कि डॉ. अंबेडकर जी के सामाजिक समरसता एवं जागरूकता के संदेश को भी प्रभावशाली ढंग से आगे बढ़ाया।

कार्यक्रम का मंच संचालन दीपक सहारे द्वारा किया गया। यह जानकारी मीडिया प्रभारी श्रवण रंगारे एवं खगेंद्र कुटारे ने दी है।


हरिभूमि
पाठक सूचना

धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768 9098324969

### धूमा में त्रिदिवसीय मानसगान प्रतियोगिता का हुआ समापन

# नर सेवा ही नारायण सेवा है : अजय

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिर्री

ग्राम धूमा में 11 से 13 अप्रैल तक मानस गान स्पर्धा आयोजित की गई। जिसमें क्षेत्र की ख्यातिप्राप्त मंडलियों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया और अपनी मनोरम प्रस्तुति दी। त्रिदिवसीय मानसगान प्रतियोगिता में शुभारंभ के अवसर पर 11 अप्रैल को मुख्य अतिथि के रूप में अजय चंद्राकर विधायक कुरूद उपस्थित हुए। उन्होंने मानस के विषय में विभिन्न प्रसंगों पर चर्चा करते हुए कहा कि हनुमान तेहि परसा कर मुनि किन्ह प्रणाम ,राम काज किन्हें बिना मोहि कहां विश्राम।



जब हनुमान जी महाराज बिना राम के काम के विश्राम नहीं कर सकते, तो हम भी मानव जीवन में हनुमान जी के विचारों का अनुकरण करें। रामकाज में लग जाए रामकाज का अर्थ कोई भी रूप हो सकता हैं। सेवा समर्पण कोई भी रूप में आप कर सकते हैं। नर सेवा को नारायण सेवा माना गया है। एक समय था कि हनुमान जी की जयंती बहुत कम मनाया जाता था। लेकिन आज सभी जगह पर या एक गांव के सभी मंदिरों में हनुमान जयंती मनाया जाता है । मानस प्रसंग पर आगे चर्चा करते हुए कहा कि सम्पति सब रघुपति के आही, जौ बिनु जतन चलौं तजि ताही , तौ परिनाम न मोरि भलाई, पाप सिरोमनि सांई दोहाई । जिसमें भरत जी राजपाठ व संपत्ति को त्याग कर नंदीग्राम में 14 वर्ष तक समय बिताया । यह समर्पण मानव में आ जाए तो सही मायने में मानव जीवन का सही अर्थ साबित होगा। उपरोक्त कार्यक्रम में गौकरण साहू उपाध्यक्ष जिला पंचायत धमतरी ,डॉ लोकेश साहू मंडल अध्यक्ष, रूपचंद देवांगन सदस्य जनपद पंचायत सभापति प्रतिनिधि, अनुराग साहू जनपद सदस्य, देवेंद्र साहू पूर्व जनपद सदस्य, थानेश्वर तारक पूर्व सरपंच, विद्या रामजी साहू सरपंच धूमा, त्रिलोचन साहू, ओम प्रकाश साहू सरपंच परसट्ठी, खेमराज साहू सरपंच कठौली, विजय रात्रे सरपंच दर्रा, जय मित्र साहू सरपंच गोजी, विमला नकुल उपसरपंच धूमा, भुनेश्वर राम साहू पूर्व सरपंच धूमा, धनीराम, रामेश्वर, चमन, केवल, दिलीप, ओंकार, हेमलाल, मोहन, राजकुमार, पीके भास्कर, दिनेश साहू, गेंदलाल, रामप्यारा, बहुर साहू, दीनदयाल, डेरहा, उमेश, परदेसी, सलीम, टेकचंद आदि की उपस्थिति रही।

# छाती में हनुमान जन्मोत्सव मना

हरिभूमि न्यूज ⏭ पुरी



ग्राम छाती में हनुमान जन्मोत्सव पर निःशुल्क चिकित्सा शिविर एवं पंडवानी का कार्यक्रम रखा गया था। श्री हनुमान जन्मोत्सव पर मानव कल्याण सर्वगधाम सेवा समिति छाती एवं श्री राम जानकी मंदिर समिति छाती के संयुक्त तत्वाधान में हनुमान जन्मोत्सव को भारी उत्साह के साथ मनाया गया। सुबह 11:00 बजे से 2:00 बजे तक ग्रामीण साहू समाज छाती पर रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल रायपुर से हड्डी रोग विशेषज्ञ, स्त्री रोग विशेषज्ञ जनरल प्रैक्टिशनर, उपाध्याय नर्सिंग होम धमतरी डेन्टल रोग विशेषज्ञ जनरल प्रैक्टिशनर, शासकीय अस्पताल धमतरी से कान, आंख, ब्लड चेकअप में छाती सहित आस पास गांव के लगभग 200 सौ लोगों ने निःशुल्क लाभ उठाया। दीप प्रज्वलित कर हनुमान जी की आरती कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। सरपंच श्रीमती दानेश्वरी यादव, ग्राम पंचायत छाती के पंच गण, ग्राम संगठन के प्रमुख सहित विशिष्ट अतिथियों ने कार्यक्रम में भाग लिया। उपस्थित डाक्टरों को पुष्प गुच्छ, माला, गुलाब भेंट कर सम्मानित किया। शाम 5 बजे बाजार चौक पर हनुमान जी की पूजा की गई और 8 बजे तक श्री राधे कृष्ण मानस परिवार छाती ने सुन्दर काण्ड का संगीतमय पाठ कर हनुमान चालीसा हनुमान आरती, राम आरती, रामायण आरती किया। 1111 दीपों से महाआरती संपन्न हुआ और बूंदी की महाप्रसादी वितरण किया गया। उपस्थित अतिथि श्रीमती दानेश्वरी यादव सरपंच, श्रीमती महेश्वरी चंद्राकर, श्रीमती विमला देवी चंद्राकर ने हनुमान जन्मोत्सव पर सभा को संबोधित किया। रात्रि 9 बजे से 12 बजे रात जय दुर्गा पंडवानी कार्यक्रम की आनंद सैकड़ों लोगों ने लिया। यह जानकारी नरेंद्र कुमार साहू मानव कल्याण स्वर्ग धाम सेवा समिति छाती के अध्यक्ष ने दी है।

## खबर संक्षेप

### जोरातराई में भीमराव अम्बेडकर एवं नारायण देव जयंती आज

कोर्रा(भखारा)। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी ग्राम जोरातराई (सिलौटी) में डॉ. भीमराव अम्बेडकर एवं नारायण देव जयंती समारोह का कार्यक्रम रखा गया है।



जिसमें 14 अप्रैल 2025 सोमवार कलश यात्राः प्रातः 10 बजे से अतिथि उद्‌बोधनः दोप.02 बजे होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि- पवन खापर्डे सेवानिवृत शिक्षक धमतरी, अध्यक्षता किशन चांद उपाध्यक्ष कोर्रा ईर्रा परगना, विशिष्ट अतिथि-गितेश्वरी हेमंत साहू जनपद अध्यक्ष ज.पं. कुरूद, प्रीति साहू सरपंच ग्राम पंचायत जोरातराई, अशोक चांद प्रांतीय अध्यक्ष छ.ग. महार/महरा समाज, रमेश कौमार्य सेवानिवृत शिक्षक अरमरीकला, केवलराम आसनी शिक्षक मोखा, मोहितराम अग्रवाल कोटवार संघ अध्यक्ष तह. भखारा, फत्तेलाल गंगाधर पूर्व सरपंच पचपेड़ी, रामेश्वर पटेल पूर्व अध्यक्ष कोर्रा, इर्रा परिक्षेत्र, धमेन्द्र नायक पूर्व सचिव कोर्रा, इर्रा परिक्षेत्र, शंकरलाल अग्रवाल अशोक वर्मा, पवन कामड़े, करण पटेल, गुलाब गंगाधर होंगे। कार्यक्रम के आयोजक महार/महरा समाज, कोर्रा (इर्रा) परिक्षेत्र ने अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है।

# पदोन्नति में तत्काल आरक्षण रोस्टर बहाल की मांग हुई तेज

- आरक्षण सहित पदोन्नति फोरम एवं अजजा संघ ने विधायक धमतरी को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



13 अप्रैल को आरक्षण सहित पदोन्नति फोरम छत्तीसगढ़ एवं छत्तीसगढ़ अनुसूचित जनजातीय शासकीय सेवक विकास संघ जिला शाखा धमतरी के संयुक्त तत्वाधान में फोरम के राज्य संचालक मंडल सदस्य एवं धमतरी के अजजा संघ जिलाध्यक्ष गेवाराम नेताम के नेतृत्व में तथा सर्व आदिवासी समाज जिला धमतरी के जिला अध्यक्ष जीवराखन लाल मरई की विशेष उपस्थिति एवं मार्गदर्शन में धमतरी विधानसभा क्षेत्र के विधायक ओंकार साहू को मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन एवं मुख्य सचिव छत्तीसगढ़ शासन के नाम छग के समस्त विभागों में पदोन्नति में आरक्षण रोस्टर को तत्काल बहाल करते हुए पदोन्नति प्रदान करने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। पदाधिकारियों ने विधायक ओंकार साहू को छत्तीसगढ़ राज्य की आधी आबादी अनुसूचित जाति, जनजाति वर्ग के अधिकारी कर्मचारी पिछले छह साल से राज्य में भारत के संविधान में निहित अनुच्छेद 16(4)क सहपठित अनुच्छेद 335 का परिपालन नहीं होने से परेशान हैं।

इन प्रावधानों के अनुसार प्रत्येक शासकीय पदों में अनुसूचित जाति, जनजाति वर्गों के दावे होने के बावजूद पदोन्नति में आरक्षण नीति अधिसूचित नहीं की जा रही है एवं अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्गों के दावे के अंतर्गत आने वाले पदों में गैर आरक्षित वर्गों को भरा जा रहा है जिससे समाज के शासकीय सेवकों तथा समाज के बेरोजगार युवक युवतियों को होने वाले नुकसान से अवगत कराया गया।

ज्ञापन में कहा गया कि सरकार बने लगभग डेढ़ साल हो गया, लेकिन हमारी कोई सुनवाई नहीं हो रही है। पदाधिकारियों की बात को गंभीरता पूर्वक सुनने के बाद विधायक ने उक्त मांगों के निराकरण के लिए मुख्यमंत्री, प्रमुख सचिव एवं अन्य विभागीय अधिकारियों को कार्यवाही हेतु अनुशंसा पत्र प्रेषित करने हेतु आश्वस्त किया।

ज्ञापन सौंपने के दौरान जिला उपाध्यक्ष सुजाता ध्रुव, जिला सचिव उदय नेताम, धमतरी तहसील कार्यकारी अध्यक्ष राहुल नेताम, उपाध्यक्ष दौलत राम ध्रुव, अंजना नेताम, तहसील महासचिव धमतरी गौतम पोटाई, कोषाध्यक्ष टीकम ध्रुव, पदाधिकारीगण टीकाराम कुंजाम, तुलसीराम नेताम, कृष्णाराम मरकाम, राजेंद्र ध्रुव, घनश्याम नेताम, कलाराम गंगेश, नरेश गावरे, आधार सिंह ध्रुव, जितेंद्र नेताम, राकेश कुंजाम सहित पदाधिकारी गण उपस्थित थे।

# आदिवासी समाज मुजगहन के वार्षिक सम्मेलन में लोगों का हुआ सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

मुजगहन में आदिवासी ध्रुव गोड़ समाज द्वारा वार्षिक सम्मेलन, लोकार्पण एवं सम्मान समारोह का आयोजन आदिवासी भवन में किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष अंगिरा ध्रुव ने ईष्ट देव की पूजा अर्चना कर समाज के विकास एवं खुशहाली के लिए प्रार्थना की। साथ ही साथ भवन में शौचालय का लोकार्पण किया। इस अवसर पर अध्यक्ष श्रीमती ध्रुव ने कहा कि हमारा आदिवासी समाज जल, जंगल और जमीन की सेवा करते आ रहे हैं। उन्होंने समाज के युवाओं को बड़े बुजुर्गों के मार्गदर्शन एवं विचारधाराओं पर चलने व शिक्षा, राजनीति सभी क्षेत्र में आगे आने का आह्वान किया।

इस अवसर पर परस राम ध्रुव, धनेश्वरी भूमेश साहू, कीर्तन मीनपाल, डुमन ध्रुव, होमेश्वर साहू, दीनबंधु ध्रुव, शैलेन्द्र ध्रुव, दमयन्तीन ध्रुव, द्रोपदी ध्रुव, लीलेश्वरी ध्रुव उपस्थित थे।

# जनपद अध्यक्ष ने किया खपरी में जनसंपर्क

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

- भाजपा के गांव चलो, घर चलो अभियान में की शिरकत



राष्ट्रीय नेतृत्व के आव्हान पर भाजपा गांव चलो, घर चलो अभियान चलाकर केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का बखान कर रही है। इसी कड़ी में ग्राम खपरी (सि) में शिरकत कर जनपद अध्यक्ष गीतेश्वरी हेमंत साहू ने ग्रामीणों से संपर्क कर सरकार की उपलब्धियां गिनाईं।

जनपद अध्यक्ष श्रीमती साहू ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की लोक कल्याणकारी योजनाओं एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सरकार की सुशासन के साथ क्षेत्रीय विधायक अजय चंद्राकर द्वारा क्षेत्र को उपलब्ध कराई जनसुविधाओं से अवगत कराने गांव चलो, घर चलो अभियान के तहत ग्राम खपरी (सी) में जनसंपर्क किया। घर घर जाकर लोगों से संपर्क किया। लोगों की समस्या सुनी व उनकी मांगों व शिकायतों से रूबरू हुई। ग्रामीणों से भाजपा सरकार की योजनाओं का लाभ उठा अपना जीवन बेहतर बनाने की बात कही।

इस दौरान सेमरा सरपंच छबिलेस सिन्हा, उपसरपंच यादराम साहू, भाजपा कार्यकर्ता गण डोमेन कुमार साहू, नारद राम साहू, बीरेंद्र साहू, बिसरू राम, रेणुलाल साहू, मनेश्वर साहू, झम्मन साहू, भावसिंह साहू, डोमन साहू, श्रीमती मोतिम साहू, केंवरा साहू, नलिनी साहू, चंद्रिका साहू, डामिन साहू, खिलेश्वरी साहू व अन्य भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# बाजार कुर्रीडीह में सुशासन तिहार मनाया गया

- मांग एवं शिकायतों के 650 आवेदन पत्र प्राप्त हुए

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुकरेल(धमतरी)



ग्राम पंचायत बाजार कुर्रीडीह में सुशासन तिहार मनाया गया। 8 अप्रैल से 11 अप्रैल तक आयोजित सुशासन समाधान शिविर में मांग एवं शिकायतों के 650 आवेदन पत्र प्राप्त हुए। ग्रामीणों ने मूलभूत सुविधाओं की मांग की।

इस आयोजन में सरपंच श्रीमती मनीषा नरेश मरकाम, सुशासन तिहार की प्रभारी अधिकारी टिकेश्वरी यादव, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पूर्णिमा नेताम, उपसरपंच राधेलाल मरकाम, पंच पार्वती नागवंशी, संतोषी नेताम, रीना सलाम, लक्ष्मी नागवंशी, रोहित ध्रुव, भीखम मरकाम, परमेश्वरी सिन्हा, धनेश्वरी कमार, अमरसिंग, ठाकुरराम निषाद, सत्या नेताम, झंगली बाई मरकाम, शीला ध्रुव, कन्हैयालाल सलाम, हेमन्त कुमार पटेल, दिलीप सिन्हा, संतोष यादव, परसराम मरकाम, गजानंद मरकाम, श्यामलाल नेताम, भगतराम, रामकुमार सिन्हा, बाबूलाल, कोटवार अजीतराम, भृत्य मनोहर

## निधन

### कीर्तन बाई सिन्हा

धमतरी। सोरिद वार्ड निवासी



कीर्तन बाई सिन्हा (70 वर्ष) का निधन हो गया। वे चंदूलाल सिन्हा की पत्नी, भा नू प्र ता प (पप्पू) व सुरेन्द्र (राजा) की मां थी। उनकी अंतिम यात्रा में स्वजन व नगरवासी शामिल हुए।

### गैंदुराम साहू

कोर्रा(भखारा)। ग्राम अमलीडीह निवासी गैंदुराम साहू का आकस्मिक



निधन 10 अप्रैल दिन गुरुवार को हो गया है। स्व. गैंदुराम साहू सामाजिक क्षेत्र में एक स्थान अर्जित कर ग्राम में नाम कमाया है जो कि पांचो बाई साहू के पति ईश्वरराम साहू के पिता एवं ओमप्रकाश साहू के पिता थे। उनकी अंतिम यात्रा में समाज तथा आसपास के सामाजिकजन बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

गुप्त रोगी स्वयं मिलें
स्त्री पुरूष गुप्त रोग नपुंसकता, उत्तेजना कम होना, हस्तमैथुन द्वारा नसों में कमजोरी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, गुप्त अंग का छोटापन, शुक्राणु की कमी, पेशाब में धातु जाना, पेशाब में जलन होना, शुगर से आई हुई सेक्स में कमी व पुराने से पुराने गुप्त रोगी संपर्क करें
संजीवनी
आयुर्वेदिक दवाखाना
बस्तर रोड, अंबेडकर चौक, मानस डेली नीड्स के सामने, अंगारमोती मेडिकल स्टोर्स के ऊपर, धमतरी मो. 9174466336

# नकुल देव ढीढी की 111वीं जयंती मनाई गई

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



सतनामी समाज ब्लॉक धमतरी ग्रामीण के युवा प्रकोष्ठ के द्वारा ग्राम हरफ़तराई में दादा नकुल देव ढीढी की 111वीं जयंती मनाई गई। दादा नकुल देव ने ही 1938 में बाबा गुरु घासीदास की जयंती मनाने की शुरुआत की थी। उन्होंने गिरौधपुरी में मेला लगाया। 16 वर्ष की उम्र में जंगल सत्याग्रह करके जेल गए। अधिकतर नव युवक दादा नकुल देव, गुरु बालकदास, मिनीमाता जैसे महापुरुषों से अनजान हैं। जिसे जानना बहुत जरूरी है। नवीन मार्कण्डेय ने कहा कि महापुरुषों के जीवन से हमें सीखना चाहिए। विनोद डीडोलकर ने युवा संगठन और युवाओं को रोजगार की ओर आगे बढ़ने प्रेरित किया। इस अवसर पर मनीष मार्कण्डेय, चंद्रप्रकाश मारकंडे, घासीराम, महेश बंजारे, संदीप बेर योगेश, कुशल डीडोलकर संदीप पाटले, मणिकांत जोशी, जितेंद्र जांगड़े, कोमल संभाकर, चंद्र प्रकाश पटेला सहित सभी युवा साथी और ग्रामवासी उपस्थित थे।

# सिंधी समाज ने आनंद मेला का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद



कुरुद स्थित सिंधी भवन में सिंधी भाषा दिवस अवसर पर समाज की महिलाओं, बालिकाओं द्वारा आनंद मेला का आयोजन किया गया। जिसमें समाज के साथ-साथ अन्य लोगों ने भी सिंधी व्यंजनों का स्वाद चखा और आनंद उठाया।

इस आनंद मेले में समाज की महिलाओं, बालिकाओं द्वारा कई तरह के स्टॉल लगाए गए थे जो आकर्षण का केंद्र रहे। भारी मात्रा में स्टॉल को देख समाज के लोग मंत्र मुग्ध हो गए और इसकी प्रशंसा की। संगीता और झंकार के पकौड़े, ममता और मीत के गुपचुप गुंजन के सेवई आलू, चांदनी के ब्रेड चना, नैना का शरबत और आइसक्रीम, भाविका, मुस्कान और जीविका का ढोढा, केक, कीर्ति का दाल पकवान, वैशाली की सिंधी मिठाइयां, भारती और स्वाति की बेसन सब्जी और रोटी, मोक्षा और हर्षी की पल्लवी और रोटी, कनक की कटोरीचाट, सिमरन और नेहा का पुलाव और हलवा, अनीता सोनम का कढ़ी चावल ,सारिका का कोकी पापड़, वीनू की ज्वेलरी, जिया के कपड़े और बच्चों के गेम आदि थे। इस आयोजन में सुमन बजाज, अलका, दिव्या, पूर्वी, मन्नत, रिंकी का योगदान रहा।

इस आयोजन के मुख्य अतिथि कन्हैया नवलानी, राजकुमार चैनवानी, राजकुमार बजाज, सूर्यामल, मुरलीधर बजाज, पप्पी चैनवानी थे। कार्यक्रम का संचालन विद्या बजाज एवं सुशीला असरानी ने किया।

### सत्य सनातन धर्म में ही समाहित है विश्व शांति एवं वासुदेव कुटुंबकम का संदेश : पं. झम्मन शास्त्री



# श्री हनुमंत आराधना महोत्सव का यज्ञ-भंडारा के साथ हुआ समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

सनातन संस्कृति के संरक्षणार्थ तथा भारत को हिंदू राष्ट्र बनाने की दिशा में अग्रसर करने हेतु तीन दिवसीय महा रुद्राभिषेक एवं श्री हनुमंत आराधना महोत्सव का आयोजन राधा कृष्ण भवन महालक्ष्मी ग्रीन विवेकानंद नगर में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ यज्ञ की पूर्ण आहुति एवं महाप्रसादी भंडारा के साथ संपन्न हुआ। यज्ञ आचार्य पंडित झम्मन शास्त्री ने उक्त आयोजन को वर्तमान समय की महत्वपूर्ण आवश्यकता बताते हुए कहा कि जब विश्व में चारों तरफ हिंसा ही हिंसा व्याप्त है तो पूरा विश्व भारत की ओर विश्व शांति की भावनाओं को लेकर निहार रहा है जो सिर्फ हमारे सनातन धर्म में समाहित है। जिसके कारण ही आज विश्व के सारे देश हमारे वैदिक शास्त्रों के सिद्धांत वसुदेव कुटुंबकम को अपनाने के लिए मजबूर हैं। श्री शास्त्री ने आगे कहा की ऐसे में धार्मिक आयोजन करना और उसमें भाग लेना हम सबके मानव जीवन की सार्थक जिम्मेदारी भी है। उपस्थित जनों को पंडित राजेश शर्मा ने सबके सामूहिक सहयोग के लिए धन्यवाद के साथ आभार व्यक्त करते हुए अस्वास्त किया कि भविष्य में भी सर्वजन हिताय सर्वजन सुखाय की भावनाओं को आत्मसात करते हुए धार्मिक आयोजन सतत जारी रखेंगे।

इस अवसर पर श्याम अग्रवाल, प्रदीप मिरानी, डॉ प्रभात गुप्ता, डॉ. अनिल रावत, दीपक लखोटिया, सुल्तान राव पवार, मदन खंडेलवाल, सुनील दुगड़, दीपक जैन, राजेंद्र शर्मा, हरिशरण वैष्णव, अर्जुनपुरी गोस्वामी, प्रकाश शर्मा, दाऊ कृष्ण कुमार गुप्ता, पी.व्ही. पराड़कर, अनंत दीक्षित, राधेश्याम शर्मा, नंदू जसवानी, विजय साहू, शिवदत्त उपाध्याय, भूषण शशांक मिश्र, दीप शर्मा, देवेंद्र मिश्रा, महेंद्र खंडेलवाल, कुलेश सोनी, गोविंदा ढिल्लो, चंद्रकला पटेल, कल्पना रणसिंह, रुक्मणि सोनकर, सरिता यादव, श्यामा साहू, नीलू डागा, विकास शर्मा, लक्की डागा आदि उपस्थित थे।

## अंचल की खबरें

### श्रीराम हिंदू संगठन ने मनाया हनुमान जन्मोत्सव



**नगरी।** ग्राम छिपली में श्रीराम हिंदू संगठन ने हनुमान जन्मोत्सव मनाया। हनुमान जी की विधि-विधान से पूजा अर्चना कर प्रसाद का वितरण किया। मौके पर संगठन के अध्यक्ष मानक नाग, संरक्षक मोहित साहू, मोंटू साहू, शांतनु निषाद, रविन्द्र ठाकुर, लकेश्वर यादव समेत अन्य उपस्थित थे।

### हनुमान जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया



**कोर्रा(भखारा)।** ग्राम लोहारपथरा में वेदप्रकाश यादव एवं समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से श्री हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना एवं महाआरती का कार्यक्रम किया गया और लोगों के लिए प्रसाद में खीर पुरी के साथ वितरण किया गया ग्रामीण जनों के साथ-साथ राहगीरों को भी प्रसाद दिया गया और ग्राम में भजन कीर्तन के साथ यह कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

### जनपद सदस्य ने दी सरकार की योजनाओं की जानकारी



**नगरी।** सुशासन तिहार के तहत जनपद सदस्य कलावती मरकाम ने अपने जनपद क्षेत्र के पांच ग्राम पंचायत दुगली, गुहाननाला, कौहाबाहरा, कोलियारी, मुनईकेरा में सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं की जानकारी दी एवं आवेदन डालने के लिए लोगों को प्रेरित किया। मौके पर सरपंच मुनईकेरा लकेश्वरी नेताम, सरपंच गुहाननाला मानकी कुंजाम, पूर्व सरपंच राजकुंवर मंडावी, वरुण देव नेताम, आशाराम ओटी, भूषण मरकाम, श्यामाचरण मंडावी, सदाराम यादव, आत्माराम मंडावी समेत अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

### शिक्षक अजय देवांगन को मिला विनोबा एप में ब्लॉक स्तर पर प्रथम पुरस्कार



**नगरी।** विनोबा एप में पोस्ट ऑफ द मंथ कार्य के लिए ब्लॉक स्तरीय अवॉर्ड के रूप में अजय कुमार देवांगन प्राथमिक शाला डोहलापारा को प्रमाण पत्र एवं गिफ्ट किट प्रदान कर सम्मानित किया गया। उक्त कार्यक्रम में नगरी ब्लॉक से श्रीमती माहेश्वरी ध्रुव एबीईओ, प्रकाश साहू बीआरसी की उपस्थिति में शिक्षक को सम्मानित किया गया। श्री देवांगन शाला के छात्रों को नवोदय, एकलव्य आदि विद्यालय में चयन करा चुके हैं। शाला के दोनों शिक्षकों को विनोबा टीम द्वारा विकासखंड एवं जिला स्तर पर नवाचारी गतिविधियों के लिए सम्मानित किया जा चुका है।

### आमदी में धूमधाम से मनाया गया हनुमान जयंती



**आमदी।** नगर पंचायत आमदी में 12 अप्रैल को जगह जगह हनुमान जयंती बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। वहीं भाटापारा में मंशाराम भगत के द्वारा विधि विधान के साथ हनुमान जी का विशेष पूजा अर्चना किया गया और मंत्रोच्चार के साथ हवन यज्ञ कर हनुमान जी का विशेष श्रृंगार किया गया। वहीं हनुमान जी को खीर पूड़ी का भोग लगाया गया। तत्पश्चात प्रसादी वितरण किया गया। साथ ही संध्या भजन के रूप में रामायण कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इस मौके पर मोहल्लेवासी बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

### नवकार महिला मंडल ने मठा का वितरण किया

**धमतरी।** नवकार महिला मंडल ने मकई चौक में घूम-घूमकर मठा का वितरण किया। भीषण गर्मी में ठंडा मठा पाकर राहगीर बहुत खुश हुए। ज्ञात हो कि गर्मी में हर साल नवकार महिला मंडल द्वारा मठा का वितरण किया जाता है। मौके पर संतोष मिनी, कुसुम गोलछा, इंदु जैन, संजु जैन, सरिता जैन, शकुन, शशि पिंचा, शिल्पा चोपड़ा समेत मंडल की सभी सदस्य उपस्थित थीं।

नाग मंदिर में आकर्षक पैगोड़ा तैयार करने वाले रूपेश साहू का समिति ने किया सम्मान

# मैकेनिकल फैब्रिकेशन में निरक्षर युवा ने बनाई अपनी अलग पहचान





हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

अशिक्षित होना लाइफ की कोई बड़ी समस्या नहीं है, लेकिन अपने आपको अनपढ़ मान बैठना जीवन में सफलता के लिए बड़ी बाधा है। यह कहना है प्रायमरी स्कूल तक की पढ़ाई कर मैकेनिकल फेब्रिकेशन के क्षेत्र में अपनी विशेष पहचान बनाने वाले रूपेश साहू का।

नाग मंदिर में आकर्षक पैगोड़ा तैयार करने वाला हटकेशर निवासी रूपेश साहू का सम्मान मंदिर समिति ने फूलमाला, गुलाल तथा श्रीफल से की। 41 वर्षीय रूपेश साहू बताते हैं कि घर की आर्थिक समस्याओं के कारण कक्षा 7वीं की दहलीज को पार नहीं कर सका। पढ़ाई छोड़ घर के कामों में हाथ बंटाने लगा।

बचपन से मैकेनिकल क्षेत्र में रूचि थी। इंजिनियरिंग वर्कशाप में कामकर वेल्डिंग का काम सीखा। कुछ पैसे इकट्ठे कर वेल्डिंग मशीन और औजार खरीदा और मैकेनिकल फेब्रिकेशन के क्षेत्र में काम करने लगा।

रविवार को नागमंदिर में रूपेश साहू का सम्मान करने के दौरान मंदिर समिति के अध्यक्ष शांतिलाल देवांगन, उपाध्यक्ष यशवंत देवांगन, जगतराम साहू, अशोक पटेल, प्रशांत मीनपाल, संतोष साव, दिलीप देवांगन आदि उपस्थित थे।

#### थ्योरी और प्रेक्टिकल में बहुत अंतर है

रूपेश कहते हैं कि शुरु से चैलेजिंग काम करना उसे पसंद है। एक बार गंगरेल जलाशय में रिपेयरिंग का काम मिला। इस दौरान एक पत्रकार आया उससे पूछा क्या पढ़ हो? तुम्हारे पास इस कार्य के लिए कोई डिग्री है? जब उसने बताया कि वह अनपढ़ है और कोई डिग्री नहीं है तो उसने समाचार ही चला दी कि बांध जैसे रिस्की कार्य में अनपढ़ और बिना डिग्रीधारी युवा से काम कराया जा रहा है। इस समाचार से उसके दिल को ठेस पहुंची। उन्होंने कहा कि थ्योरी और प्रेक्टीकल अलग अलग चीज है।

#### जब सर्वायकल सी5 फैक्चर हुआ

मैकेनिकल कलाकार श्री साहू बताते हैकि सालों पहले नगरी क्षेत्र में निर्माणाधीन भवन में काम कर रहा था तब वह करीब 35 फीट की ऊंचाई से गर्दन के भार गिर गया। उसे अस्पताल ले जाया गया। जहां गर्दन की पांचवे हड्डी में फैक्चर बताया गया। गर्दन का आपरेशन कर सर्वाइकल सी5 में प्लेटिनम डालकर सेट किया। इस हादसे ने उसे लापरवाही से बचने का अनुभव दिलाया। अब भी वह बड़े बड़े चैलेजिंग काम सुरक्षा का पूरा उपाय कर करता है।

#### मुद्रालोन बैंक मैनेजर के विवेक पर निर्भर है

श्री साहू ने बताया कि मैकेनिकल फेब्रिकेशन का काम वह घर से ही चलाता है। वर्कशाप के लिए उसे दो लाख रूपए की आवश्यकता है। प्रधानमंत्री मुद्रालोन की बहुत चर्चा रहती है। बैंक से मुद्रालोन लेने का प्रयास किया लेकिन सफलता नहीं मिली। उन्होंने बताया कि मुद्रालोन बैंक मैनेजर के विवेक पर ही निर्भर रहता है। मुद्रालोन मिलने पर वर्कशाप खोलकर स्टार्टप शुरु करना चाहता है।

## पूर्व गृहमंत्री साहू ने नपं. उपाध्यक्ष को कुर्सी में बिठाकर दिया आशीर्वाद



■ देवव्रत भी अपने पिता की तरह नगर विकास में योगदान दें : ताम्रध्वज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद

हनुमान जयंती के अवसर पर कुरूद नगर पंचायत उपाध्यक्ष ने अपने कक्ष का पूजन एवं कक्ष प्रवेश अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के वर्किंग कमेटी के सदस्य एवं पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू की मुख्यतिथि में पूजा अर्चना एवं फ़ीता काटकर किया। पूर्व गृहमंत्री ने इस दौरान उन्हें कुर्सी में बिठा बेहतर कार्य करने का आशीर्वाद दिया।

इसके पहले पूर्व गृहमंत्री साहू का कांग्रेसियों ने भव्य स्वागत किया गया। ततपश्चात नपं. उपाध्यक्ष देवव्रत की माता नीरा साहू व उनके पूरे परिवार द्वारा उपाध्यक्ष कक्ष का पंडित द्वारा पूजा अर्चना किया गया। नगर पंचायत उपाध्यक्ष देवव्रत साहू के पदभार करने के बाद ताम्रध्वज साहू ने कहा कि मुझे पूरा विश्वास है कि देवव्रत साहू जैसे युवा नेतृत्व, जुझारू और कर्मठ उपाध्यक्ष के नेतृत्व में कुरुद में मजबूती के साथ विकास कार्य होंगे। उन्होंने उनके पिता स्व डॉ. चन्द्रहास साहू को याद कर उन्हें उन्ही की ही तरह सरल व मिलनसार छवि के साथ निःस्वार्थ भाव के साथ सभी वर्ग को साथ लेकर कुरूद के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देने की बात कही।

उपाध्यक्ष श्री साहू ने कहा कि परिषद के सभी जनप्रतिनिधियों को साथ में लेकर सभी वर्गों के हित में फैसला लेकर शासन के जन हित के योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाकर दलगत राजनीति से उठकर कुरूद नगर और सभी वार्डों का विकास में अपना पूरा योगदान दूंगा। इस अवसर पर कांग्रेसी नेतागण राजकुमारी दीवान, नीलम चंद्राकर, तारिणी चंद्राकर, रमेशर साहू, प्रमोद साहू, बसंत साहू, राजू साहू, शारदा साहू, प्रहलाद चन्द्राकर, सोहेन्द्र सिंह, गीता राम सिन्हा, पार्षद मनीष साहू, उत्तम साहू, अर्जुन ध्रुव, हेमलाल साहू, ऐश्वर्य साहू, रविन्द्र साहू, तुकेश साहू, संतोष प्रजापति, यक्ष साहू , युवराज साहू, तुलसी साहू, यशोदा साहू, तमन्ना साहू, लक्ष्मी ढीमर, रवि शर्मा के अलावा निकाय के कर्मचारीगण सहित नगरवासी उपस्थित थे।

## भावपूर्वक भागवत कथा सुनकर आंखें नम हो गई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ आमदी(धमतरी)

कृष्ण ने भागवत पुराण में कहा है जो मनुष्य गजेन्द्रमोक्ष कथा माहात्म्य पाठ करेगा उसके लिए कुछ भी असंभव नहीं होगा वो मुझे प्राप्त करेगा तथा कथा सुनने से भी कृष्ण प्रिय बन जाएंगे । महाराज ने कैसे और कब करे यह पाठ ये भी बताया। उक्त विचार भागवत व्यास पीठ से प्रसिद्ध भगवताचार्य सुर्यभान चौबे ने कही है। उल्लेखनीय है आमदी के समीपस्थ देवकोट में परस सेवा निवृत्त शिक्षक, तेजेश्वरी,ज्ञानेश, ममता, ललित,मानसी दिक्षा,गया राम चैती, महेन्द्र,प्रभु भारत, पुरूषोत्तम, कृष्ण, प्रवीण,महेश, ओमप्रकाश, शत्रुघन ,धनवेश पुजा, राम-लखन रेखा गजेन्द्र परिवार द्वारा 8 से 16 अप्रेल तक श्रीमद् भागवत महापुराण कथा का आयोजन किया गया है। भगवाचार्य ने 13 अप्रेल रविवार को गजेन्द्र मोक्ष, कच्छप अवतार, नारायण एवं मोहनी अवतार की कथा को विस्तार से बताया।

भागवत कथा सुनकर लोगों की आांखे अश्रुपूरित हो गईं। रविवार को परमेश्वर सिन्हा, भागीरथी परमानंद सिन्हा, ध्रुव सिन्हा, देवकी, पुष्पा, शुभम, खिलेश्वर, हरीश, कुनाल, काव्या, हर्षित, चयन, डिम्पल, शिखा, भार्गवी, केतण्य आदि उपस्थित थे।

## गोरेगांव में धूमधाम से मना हनुमान जन्मोत्सव, निकली भव्य शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी



नगरी के समीपस्थ ग्राम गोरेगांव में श्री राम हिंदू संगठन के तत्वावधान में हनुमान जन्मोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर निकाली गई श्रीराम दरबार की झांकी और शोभायात्रा ने पूरे गांव को भक्तिमय वातावरण में सराबोर कर दिया।शिव मंदिर से प्रारंभ हुई शोभायात्रा में भगवान श्रीराम के जयकारों से सारा गांव गूंज उठा। वहीं डीजे की भक्तिमय धुनों पर युवा और बुजुर्गों ने भाव-विभोर होकर नृत्य किया। शोभायात्रा गांव के प्रमुख मार्गों से होते हुए बजरंग चौक स्थित हनुमान मंदिर के पास पहुंचकर सम्पन्न हुई। तत्पश्चात श्री हनुमान जी की चालीसा का पाठ करने के बाद महाआरती किया गया।

बालिकाओं द्वारा कलश यात्रा तथा बच्चों द्वारा राम, लक्ष्मण, सीता और बाल हनुमान के स्वरूप में निकाली गई झांकियां हर किसी का मन मोह रही थीं। मार्गों में जगह-जगह फूल वर्षा कर ग्रामीणों ने शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया। पूरे गांव में उत्साह और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला।

इस आयोजन को सफल बनाने में श्री राम हिंदू संगठन गोरेगांव के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही। संगठन के संरक्षक भानु प्रताप साहू, जयदेव यदुराज, जातेश सोन, अध्यक्ष हिमांशु यदुराज, उपाध्यक्ष यतींद्र साहू, सचिव खेमन साहू, कोषाध्यक्ष हरिनारायण साहू, राघवेंद्र साहू, बल्लू साहू, संजू साहू एवं अन्य सदस्यों महत्वपूर्ण योगदान दिया।

समापन अवसर पर बूंदी, खीर और पूड़ी का प्रसाद वितरण किया गया, जिसे सभी श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया। रात्रि में श्री सिद्धि विनायक जस झांकी परिवार, नेगीनाला (गट्टासिल्ली) द्वारा प्रस्तुत की गई भक्ति-नाट्य झांकी ने समा बांध दिया।

।। शोक संदेश ।।



स्व. ष्यामंतकमणी नाग

अत्यंत दु:ख के साथ आपको सूचित करना पड़ रहा है कि हमारे ज्येष्ठ पुत्र

**ष्यामंतकमणी नाग**

का आकस्मिक निधन दि.12.04.2025, शनिवार को हो गया है। अत: इस दुखद प्रसंग में उपस्थित होकर ब्रम्हलीन आत्मा की शांति हेतु प्रार्थना करें।

कार्यक्रम : तालाब कार्यक्रम
तीजनाहवन : 14.04.2025, सोमवार
पंचनाहवन : 16.04.2025, बुधवार
समय : दोपहर 11 बजे
-: स्थान :-
शोभाराम देवांगन ग्राउण्ड के बगल
महिमासागर वार्ड, धमतरी

विनीत
श्रीमती सोनियाबाई नाग (बड़ी मां)
श्रीमती शकुंतला-वीरेंद्र नाग (माता-पिता)
श्रीमती तुलसी-अमृत नाग (चाची-चाचा)
श्रीमती पदमा-मदन नाग (चाची-चाचा)
रविशंकर नाग (भाई)
महिमासागर वार्ड, धमतरी मो. : 94252 14936

जिस किसी स्नेहीजन को शोक पत्र न मिला हो वे इसे ही आमंत्रण समझें।




HEALTH TOWN

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
वैद्य-डॉ. पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)
उपलब्ध पंचकर्म
• बस्ति
• उत्तर बस्ति
• जानु बस्ति
इत्यादि।

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
• सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
• ऑपरेशन द्वारा ईलाज
• नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जाँच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
• टेड़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
• दांतो की नसों का इलाज
• दांतों की सफाई व चमकाना
• दंत प्रत्यारोपण
• मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130



खबर संक्षेप

### सभी ब्लॉक कांग्रेस मुख्यालय में अम्बेडकर जयंती का किया जाएगा आयोजन, धमतरी राजीव भवन में 11 बजे



**धमतरी।** भारतीय संविधान के निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर के 133 वीं जयंती के अवसर पर धमतरी जिला के सभी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मुख्यालय में श्रद्धांजलि सभा एवं अंबेडकर जी द्वारा दिए राष्ट्र निर्माण में योगदान पर प्रकाश डालते हुए विचार गोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। जिस पर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष शरद लोहाना ने समस्त कांग्रेस कार्यकर्ताओं की उपस्थिति की अपील की है। राजीव भवन धमतरी में अंबेडकर जयंती का आयोजन ब्लॉक कांग्रेस कमेटी शहर के द्वारा प्रातः 11 बजे किया गया है।

### अंबेडकर जयंती पर कुरूद में होगा संवैधानिक विवाह

**कुरुद।** आज आदिवासी भवन कुरूद में मूलनिवासी (ओबीसी - एसटी - एससी) समाज के बैनर तले होने वाली अंबेडकर जयंती के अवसर पर सतवंत महिलांग और भारती टंडन वैवाहिक जीवन में प्रवेश करेंगें। अधिवक्ता शत्रुहन सिंह साहू, बसंत ध्रुव, शंकर रात्रे भाव सिंह, समारू सिन्हा, टिकेश्वर सिंह ,तेजराम छेदैया, हरिश्चंद्र मांडवी, देवनाथ नेताम ने संयुक्त प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया कि कार्यक्रम में कई बुद्धिजीवी, वकील, पत्रकार, सामाजिक चिंतकों व समानता पसंद मानवतावादी मूल निवासी के लोग और संविधान विशेषज्ञों के द्वारा संविधान के महत्वपूर्ण अनुच्छेदों एवं अंबेडकर, ज्योतिबा फूले, सम्राट अशोक के जीवन संघर्षों पर प्रकाश डालेंगे जिसमें एससी-एसटी समाज के सभी लोगों को इस ऐतिहासिक अवसर पर अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित रहने की अपील किया है।

### गांव चलो अभियान के तहत लीलर पहुंचे जनप्रतिनिधि

**धमतरी।** प्रदेश व्यापी अह्वान एवं गंगरेल मंडल के अध्यक्ष श्रीमती मोनिका ऋषभ देवांगन के नेतृत्व में चलाए जा रहे गांव चलो घर-घर चलो अभियान के अंतर्गत वरिष्ठ भाजपाई नदी तटीय ग्राम लीलर पहुंचे। पार्टी के ग्रामीण कार्यकर्ताओं के साथ केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी देते हुए गांव में बृहद मात्रा में प्रधानमंत्री आवास से लाभान्वित लाभार्थियों को सम्मान करते हुए कहा कि देश की बहु संख्यक आबादी गांव में बसती है। यहां के निवासियों के जीवन स्तर को उठाने हेतु ग्राम सड़क योजना से लेकर आवास रोजगार से संबंधित कार्यों को केंद्र बिंदु बनाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं विष्णु देव साय की सरकार ने जो कार्य किए हैं वही इस अभियान के माध्यम से घर-घर पहुंचाया जा रहा है। उक्त अभियान में शामिल जनों मे निगम के पूर्व सभापति राजेन्द्र शर्मा, नगर निगम के प्रभारी अध्यक्ष पिंटू यादव, पार्षद कुलेश सोनी ग्राम दर्री के उपसरपंच निरंजन साहू,सरपंच हेमंत नेताम, धर्मराज सिन्हा भाजपा युवामोर्चा महामंत्री गंगरेल, दीपक सिन्हा उपसरपंच, बुद्धेश्वर कंवर, चैनू राम सोरी, एसकुमार मंडावी, सुनीती रजक, प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

टमाटर अभी भी 10 रूपए किलो, भटा, मूली, पत्तागोभी, कुम्हड़ा, सेमी 20 रूपए किलो बिका

# हरी सब्जियों का रकबा और उत्पादन बढ़ने से बाजारों में दाम गिरा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

हरी सब्जियों का रकबा और उत्पादन बढ़ने से इस वर्ष अप्रैल माह भी हरी सब्जियां सस्ती में मिलने लगा। बाजार में प्रतिदिन बंपर आवक बनी हुई है। टमाटर की खेती इस साल बड़े पैमान पर हुई है जिसके कारण टमाटर थोक मार्केट में 5 से 6 रूपए किलो व चिल्हर मार्केट में 10 से 12 रूपए किलो बिक रही है। 80-100 तक बिकने वाली सब्जियां 40-50 रूपए किलो में अटकी है। रेट कम होने से उपभोक्ता जहां खुश हैं वहीं सब्जी उत्पादक किसान मायूस हैं। मौसम साफ होने से उत्पादन प्रभावित नहीं हो रहा है। भाजियां भी बड़े पैमाने पर बाजार पहुंची है।



शहर के इतवारी बाजार में शाम 4 बजे ग्राहकों की काफी भीड़ नजर आई। सब्जियों के रेट कम होने से वे काफी खुश नजर आए। सब्जी विक्रेता दीनदयाल सोनकर, विशाखा पटेल ने बताया कि रेट कम होने से लेवाली काफी है। प्राफिट कम होने के बाद भी व्यापार करने में संतोष का भाव है। पसरा रखते ही सब्जियां खत्म हो रही हैं। उन्होंने बताया कि रविवार को टमाटर 10 से 12 रूपए किलो बिका। खीरा, लौकी, नवलगोल 10 रूपए किलो रहा। भटा, कुम्हड़ा, पत्तागोभी, मूली, सेमी 20 रूपए किलो बिका। गाजर, बरबट्टी, भिंडी, गोभी, केला, डोड़का 30 रूपए किलो रहा। कुंदरू, तोराई, परवल 40 में बिका। करेला, ग्वारफली, मुनगा, मिर्च, शिमला 50 रूपए किलो रहा। कटहल 60 में बिका तो अदरक, कोचई, ढेंस, धनिया हरा 80 रूपए किलो रहा।

**आलू 25, प्याज 30 में बिका**

हरी सब्जियों की तुलना में किराना सामानों के दाम भी स्थिर हैं। शादी सीजन के बावजूद रेट नहीं बढ़ा। किराना व्यापारी देवभाई रामजी ने बताया कि रविवार को आलू 25, प्याज 30 रूपए किलो में बिका। तेल का भाव छः माह से स्थिर रहकर 130 रूपए किलो बिक रहा है। 300 से 400 रूपए किलो बिकने वाला लहसुन, जीरा 90-100 रूपए किलो बिक रहा है। अरहर दाल 180 से कम होकर 100-120 रू. किलो हो गया है। अन्य सामानों में शक्कर 45, गुड़ 48, हल्दी खड़ी 150-200, मिर्च खड़ी 200-300, धनिया 100, काली मिर्च 780, सरसों 80, मेथी 85, मूंग दाल 110, उड़द दाल 110, मसूर दाल 85, चना देशी 80, काबुली चना 100-120, मटर सफेद 60, मटर हरा 100, चना दाल 90, पोहा 50 रूपए किलो रहा। अंडा इस सप्ताह 65 रूपए दर्जन बिका।

## जगमोहन साहू मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण से हुए सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭सिर्री



शासकीय माध्यमिक शाला भैंसमुंडी में पदस्थ प्रधानपाठक जगमोहन साहू को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिये जिला शिक्षा अधिकारी धमतरी द्वारा मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संकुल प्राचार्य गुदगुदा टीआर सोनकर, संकुल समन्वयक एन आर कंवर, चंद्रशेखर ठाकुर, एनआर बघेल, उत्तरा निर्मलकर, शकुंतला साहू, गोविन्द साहू, दीपक वर्मा, मनोज कुमार नेताम, विनीता देशमुख, भावना लौतरे, रेखचंद लौतरे, शिप्रा कन्नौजे आदि संकुल के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं सहित शाला विकास समिति के अध्यक्ष (मा.शा.) पोखराज साहू, टुकेश्वर साहू व सदस्यों ने प्रधानपाठक जगमोहन साहू को इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त किया है।

## उमरगांव में हनुमान जन्मोत्सव मना



हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

ग्राम उमरगांव में हनुमान जयंती के अवसर पर बाजार चौक में पीपलेश्वर हनुमंत लला का जन्मोत्सव मनाया गया। प्रथम दिवस 11 अप्रैल को संध्या आरती के पश्चात गांव की गली में भव्य शोभायात्रा हनुमान जी की झांकी के साथ निकाली गई। खूब नारे लगाए गए। युवा डीजे की धुन में थिरकते रहे। द्वितीय दिवस 12 अप्रैल को हनुमान मंदिर में पूरे विधि विधान से पूजा अर्चना की गई। ग्राम के बाजार चौक, बरगद चौक, पुजारी पारा, साहू स्कूल पारा के हनुमान जयंती पर हवन पूजन की गई।

पीपलेश्वर हनुमंत लला मंदिर में लोगों की सुबह से पूजा अर्चना के लिए भीड़ लगी रही। हवन पूजन के पश्चात प्रसादी वितरण किया गया। फिर संध्या को हनुमान जी की महाआरती की गई साथ ही मानस गान में जय करुणामयी मानस मंडली उमरगांव, गौतम ऋषि मानस मंडली, शारदा महिला मानस मंडली सांकरा द्वारा मानस गान का पठन-पाठन किया गया। इस अवसर पर गजेन्द्र साहू, गोलू साहू, दुर्गेश साहू, प्रेम लाल साहू, टिकाराम साहू, ईश्वर पटेल, डामेश्वर पटेल, गंगाधर साहू, डिकेश्वर साहू, तोपेंन्द्र साहू, महेन्द्र पाण्डेय, किशोर यादव और पीपलेश्वर हनुमंतलला समिति एवं ग्रामवासी का भरपूर सहयोग रहा।

## डाभा में हनुमान जयंती पर खीर पूड़ी का वितरण



हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड

ग्राम डाभा में हनुमान जयंती धूमधाम से मनाया गया। भगवान श्रीराम के परमभक्त हनुमानजी का जन्मोत्सव ग्राम के युवाओं ने अपनी अपनी मोहल्ला में धूमधाम से हनुमान जन्मोत्सव पूजा पाठ वैदिक मंत्रोच्चार के साथ किया गया। कार्यक्रम में किशोर निषाद, भोज साहू सरपंच प्रतिनिधि, उपसरपंच चुमन साहू, इन्द्रमन यादव पंच, नंदकुमार निषाद पंच, रूपेश चक्रधारी, छन्नू विश्वकर्मा, केवल मरकाम, टेकराम निषाद, छबि निषाद खोमेश चक्रधारी, कौशल, ध्रुव, हिमांचल निषाद, धनंजय चक्रधारी, कुबेर निषाद, गुलशन निषाद, टेमन मरकाम, खुशी निषाद, डायमंड साहू, हेमंत चक्रधारी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित थे।



## अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ग्लोशाइन जिम के खिलाड़ियों ने लहराया परचम



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

संयुक्त भारतीय खेल फाउंडेशन के तत्वाधान में पोखरा नेपाल में आयोजित 5 दिवसीय अंतरराष्ट्रीय पॉवरलिफ्टिंग में ग्लोशाईन जिम से ओमप्रकाश निषाद एवं कोच देवेन्द्र यादव द्वारा प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मैडल जीता गया। देवेंद्र यादव ने अपने आयु वर्ग में सबसे ज्यादा वजन उठा कर स्ट्रांग मैन इन एशिया का खिताब अपने नाम किया। साथ ही ओमप्रकाश निषाद ने कुल 610 किलो वजन भार उठा कर अपने आयु वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मैडल अपने नाम किया।

ग्लो शाइन जिम के संचालक राकेश वैद्य ने बताया कि उनका जिम धमतरी शहर में एकमात्र ऐसा जिम है जहां वेटलिफ्टिंग और पॉवरलिफ्टिंग की तैयारी कराई जाती है।

हमारे जिम से कई युवक युवतियों ने नेशनल खिताब जीत कर आ चुके है। कई युवक युवतियां जो आर्थिक रूप से संपन्न नही है पर खेल का जज्बा रखते है, उन्हें हमारे जिम में निशुल्क प्रशिक्षण दिया जाता है और उन्हें प्रशिक्षित करने राष्ट्रीय कोच देवेंद्र यादव का भरपूर सहयोग रहता है। साथ ही वजन बढ़ाने या घटाने कई युवक युवती आते हैं जिन्हें सर्टिफाइड ट्रेनर वसीम खान द्वारा ट्रेनिंग दी जाती है।

ये हमारे जिम और धमतरी शहर के लिये गौरव की बात है

12 अप्रैल को शाम 7 बजे उनका जिम में हनुमान जयंती एवं सम्मान समारोह का कार्यक्रम रखा गया, जहां सर्वप्रथम हनुमान जयंती के छायाचित्र पर तिलक लगाकर माल्यार्पण कर हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। तत्पश्चात बुके देकर और माला पहनाकर साथ ही केक काटकर दोनों खिलाड़ियों देवेंद्र यादव और ओमप्रकाश निषाद का स्वागत किया गया। उनके स्वागत में जिम के ट्रेनर वसीम खान के अलावा जिम मेंबर मुकेश मिश्रा, हर्ष चौहान, दिनेश शाह, राहुल लालवानी, अविनाश यादव, भानुप्रताप सहित बहुत सारे जिम मेंबर मौजूद थे।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

चर्म रोग एवं एलर्जिक क्लीनिक
स्थायी ईलाज
विशेषताएं-
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)

डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 2 एवं शाम 6 से 9 बजे तक (मंगलवार बंद)
डा.जयंत पवार हॉस्पिटल, बांके बिहारी मंदिर के पास, सदर बाजार, धमतरी
मो. 86027-50020

# धमतरी में स्वच्छता पर निगम की कड़ी नजर

- नीलेश लूनिया के औचक निरीक्षण से मचा हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

नगरीय प्रशासन और स्वच्छता व्यवस्था को लेकर नगर निगम धमतरी ने अब कमर कस ली है। स्वास्थ विभाग के सभापति नीलेश लूनिया द्वारा पिछले कुछ दिनों से सुबह शहरभर के शौचालयों का औचक निरीक्षण किया गया, जिसमें बड़ी लापरवाहियां उजागर हुई हैं। निरीक्षण के दौरान लगभग 24 सार्वजनिक शौचालयों की हालत बेहद खराब पाई गई। कहीं दरवाजे टूटे हुए थे, तो कहीं नल टूटे हुए,कई स्थानों पर नेपकिन की सुविधा नहीं थी और सफाई व्यवस्था पूरी तरह से लचर दिखाई दी। पानी के रिसाव और दुर्गंध ने स्वच्छ भारत मिशन की मंशा पर सवाल खड़े कर दिए हैं।



नीलेश लूनिया ने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि शौचालय संचालन से जुड़ी एजेंसियों को अनुबंध का सख्ती से पालन करना होगा। जो एजेंसी लापरवाह पाई जाएगी, उसे नोटिस जारी किया जाएगा और फिर अनुबंध निरस्त कर, जिम्मेदारी किसी दूसरी एजेंसी को सौंप दी जाएगी।शासन द्वारा मेंटेनेंस के लिए दिया गया पैसा जनहित के लिए है, उसका दुरुपयोग किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं होगा।

गौरतलब है कि महापौर रामू रोहरा की ओर से उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसे वे पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ निभा रहे हैं। सुबह से ही पूरे शहर का दौरा कर वे सफाई व्यवस्था की बारीकियों पर नजर रख रहे हैं। शौचालयों की दुर्दशा देखकर उन्होंने मौके पर ही अधिकारियों को फटकार लगाई और सुधार की समयसीमा तय की।

इस अभियान की खास बात यह है कि निरीक्षण पूरी तरह से बिना किसी पूर्व सूचना के किया गया। इसका असर यह हुआ कि जिन एजेंसियों ने अब तक सिर्फ फॉर्मेलिटी निभाई थी, उनकी पोल खुल गई। जिन शौचालयों की हालत बेहद खराब थी, उनके फोटो खींचकर रिपोर्ट बनाई गई है, और संबंधित एजेंसियों को तत्काल संज्ञान लेने के निर्देश दिए गए हैं।

इस विषय पर महापौर रामू रोहरा ने कहा कि निगम के किसी भी विभाग के कार्यों में लापरवाही नहीं चलेगी। शहर की स्वच्छता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। शहर की जनता ने हमें भरोसे के साथ जिम्मेदारी दी है, हम उसे पूरी निष्ठा से निभाएंगे। शौचालयों की दुर्दशा पर कार्रवाई तय है। स्वास्थ विभाग के सभापति सुधारात्मक पहल कर रहे हैं। जो एजेंसी काम नहीं करेगी, उसे हटाया जाएगा। नीलेश लूनिया द्वारा अब तय किया गया है कि प्रत्येक सार्वजनिक शौचालय की हफ्ते में दो बार निगरानी की जाएगी और महीने में एक बार ऑडिट रिपोर्ट तैयार की जाएगी।

## 28 साल बाद हुए लोहरसी के जातरा मेला में दिखा उत्साह

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

राजा बावा, रानी समेत अन्य देवी-देवताओं की पूजा कर सुख-समृद्धि की कामना की



शहर से लगे ग्राम लोहरसी में जातरा मनाया गया। करीब 28 साल बाद आयोजित इस जातरा मेला को लेकर ग्रामीणों में काफी उत्साह रहा। उन्होंने राजा बावा, रानी समेत अन्य देवी देवताओं की पूजा कर सुख समृद्धि की कामना की। रात्रि में राजा बावा समेत अन्य देवी-देवताओं को जातरा चौक में स्थित पूजा स्थल में विराजित किया गया। सुबह होते ही पूजा पाठ करने के लिए ग्रामीण दर्शन के लिए पहुंचने लगे। दोपहर बाद पारंपरिक बाजा और डांग के साथ बैगा बीरेन्द्र पूजा स्थल पहुंचे। विशेष पूजा कर बैगा ने गांव की सुख, शान्ति की कामना की। इस जातरा मेला में विभिन्न प्रकार के मिष्ठान के अलावा चाट, गुपचुप अन्य दुकानें लगी हुई थी। यहां शाम होते ही खरीदारी करने लोगों का आना शुरू हो गया। बच्चों ने झूले का खूब आनंद लिया। इस मेले का मुजगहन, खरतुली, परसतराई, पोटियाडीह समेत आसपास के गांव के लोगों ने भी लुत्फ उठाया। गोकर्ण निर्मलकर, संतोष साहू ने बताया कि 28 साल पहले हर साल गांव मे जातरा मनाया जाता था। कुछ कारणों के चलते जातरा मनाने का सिलसिला बंद हो गया। अब फिर से बैगा के कहने पर ग्रामवासियों के सहयोग से जातरा मनाया जा रहा है। खोरबाहरा राम साहू ने बताया कि जातरा चैत्र महीने में शनिवार को मनाया जाता है। इस दिन राजा बावा रानी समेत अन्य देवी देवताओं की विशेष पूजा की जाती है। हिमांशु निर्मलकर, गोलू साहू, भोज, रोशन यादव, डिगेशवर, पवन साहू, रामकृष्ण समेत अन्य युवाओं का कहना है कि हर साल गांव में जातरा मनाने की परंपरा को बनाए रखना चाहिए। मेला के माध्यम से लोगों को एक दूसरे से मिलने का मौका भी मिलता है।

online Booking:-www.tripuryatra.com

Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
23 मई, 06 जून, 25 जुलाई, 14 अगस्त, 11 सितम्बर, 03 अक्टूबर 2025 (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा(गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू ( बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप, काठमांडू दरबार ), गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल), सीतामणी
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर 17500/-, 3 एसी 27,500/-, 2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

रायपुर के सुपरस्पेशलिस्ट विशेषज्ञ डॉक्टर से मिलिए
15 अप्रैल दिन मंगलवार गायत्री मंदिर, कुरूद
16 अप्रैल दिन बुधवार सूरज मेडिकल, धमतरी
असाध्य रोग मिटाओ
होम्योपैथी दवा द्वारा बीमारी का जड़ से निदान
यदि आपको ऑपरेशन की सलाह दी गई है तो कृपया एक बार अवश्य मिलें
मूत्र एवं किडनी रोग ओपीडी
पेशाब नली में सिकुड़न (Urethral Stricture)
प्रोस्ट्रेट ग्रंथी का बढ़ना (BPH),
UTI बार बार इंफेक्शन Pus Cell बनना।
- अंडकोष में सूजन (Hydrocele), Varicocele) पथरी
- मूत्र मार्ग में जलन, दर्द, कमजोर, धार, बार-बार पेशाब जाने की इच्छा होना,
- रात्रि में पेशाब ज्यादा होना, पेशाब कपड़े में ही छूट जाना लिकेज होना।
- ऐसा लगता है पेशाब अधूरा है और करने की इच्छा होती है।
- पेनिस में दाने, छाले, खुजली, चमड़ी फटना
- यौन कमजोरी Erectile Dysfunction शुक्राणु की कमी
- क्या आप पेशाब मार्ग में पाईप डालते है?
असुविधा से बचने के लिए अग्रिम रजिस्ट्रेशन करायें-समय : सुबह 10 से 3 बजे तक
जर्मन दवाईयों पर 20% की छूट
Dr Lal PathLabs से खून जांच पर 60% की छूट

मिरैकल्स होम्योपैथी
प्रो. डॉ. ए.के. चौरसिया एम.डी., (होम्योपैथी मेडिसिन) | डॉ. एस. चौरसिया एम.एस., (पाईल्स रोग विशेषज्ञ)
8982316464, 9406004581
स्थाई - पता कटोरा तालाब नेताजी चौक रायपुर